हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 15 जून 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]




हरिभूमि
24 वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं

CVRU
DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY
www.cvru.ac.in | E mail:info@cvru.ac.in

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
Campus : NEAR GATORA RAILWAY STATION, BILASPUR (C.G.)
City Office : NEAR TORWA CHOWK, DAYALBAND ROAD, BILASPUR (C.G)

CREDAI
है तो भरोसा है
Confederation of Real Estate Developers Association of India
BILASPUR

ccn

Reliance Krishna Fuels

MAHARISHI UNIVERSITY OF MANAGEMENT AND TECHNOLOGY
Maharishi Road, Mangla, Bilaspur (C.G.) 495001

St. XAVIER'S HIGH SCHOOL
(A Unit of the st. Xavier's Chain of School)
BILASPUR ✦ SIRGITTI ✦ BHARNI ✦ SARKANDA ✦ USLAPUR ✦ MUNGELI ✦ KOTA ✦ AKALTARA

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
Near High Court, Raipur Road Bilaspur (C.G.)

सत्या आटो प्रा.लि.
पुराना बस स्टैण्ड के पास, बिलासपुर

त्रिपुर बजाज
तिफरा रेल्वे ओवहर ब्रिज के पास, रायपुर रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

Sudha Bio Power Pvt. Ltd.
Gram- Mohatarai
Ratanpur Road, Bilaspur C.G.

NICETEC
COMPUTER EDUCATION
Since 1992
HEAD OFFICE
150+ Network Partner in Central India
Reg. Office : Bilaspur, Ph. 9300966633

JD AUTONATION
NH 130, Beside Rama Valley, Parsada, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)

JD TOYOTA
NH 130, Bilaspur-Raipur Main Road, Near Reliance Petrol Pump, Village Parsada, Bilaspur (C.G.)

TAKSHILA INSTITUTE
Estd. 1998
A Victory Path for IIT-JEE / NEET & AIIMS / FOUNDATION
(Unit of Takshila Academy (P) Ltd.)

CAREER POINT WORLD SCHOOL
BILASPUR

HSM GLOBAL PUBLIC SCHOOL

CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
MEN | WOMEN | KIDS WEAR

Brilliant Public School
Igniting Wisdom

MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED
An ISO 50001:2018 Certified Company

मार्क हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
डायलिसिस/ लेप्रोस्कोपी/ लिथोट्रिप्सी सेंटर
गीता पैलेस के पास, कपिल नगर, सरकंडा बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क करें : 9109969722, 9039028850

श्री गोविन्द इंस्टीट्यूट ऑफ
लाइफ केयर हॉस्पिटल
आपका भरोसा, हमारी जिम्मेदारी
गुरुनानक चौक, तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-408601/2/3, 8349052250

विनायक नेत्रालय
फेको, एन्जीयोग्राफी एवं लेजर सेंटर
डॉ. ललित माखीजा
एम.एस.,आई.सी.एल.पी. (हैदराबाद)
फेको सर्जन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रसेन चौक के पास, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

SHRI श्री शिशु भवन
HOSPITAL FOR CHILDREN & NEW BORN
(ADVANCED NEONATAL & PAEDIATRIC CARE)
ईदगाह रोड, मध्यनगरी चौक के पास, बिलासपुर (छ.ग.)

Maosaji
वेज रेस्टोरेंट
श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर

SRISHTI INFRABUILD PVT. LTD.
CREATING LIVES FOR FUTURE
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY
2ND FLOOR, KRISHNA SANCHHATRA COMPOUND, SHIV TALKIES SQUARE, BESIDE JALARAM FOOD JUNCTION BILASPUR (C.G.)

BIRLA OPEN MINDS
INTERNATIONAL SCHOOL
BILASPUR
MOPKA-KONI BYPASS, MOPKA, BILASPUR

25 Years of Glory and Success in Chhattisgarh
ARENA ANIMATION
Shaheed Chowk, Link Road
Bilaspur Call 88188 00 890

Anaya Resort
Kargi Road, Kota, (C.G.), India

TANISHQ
A TATA PRODUCT

AADHARSHILA BUILDERS PVT LTD.
KANHA
The Country Club
Koffee with कथा
Corporate Office : Opp. Chhattisgarh Bhawan, Tilak Nagar, Bilaspur(CG) 495001

AADHARSHILA VIDYA MANDIR
BILASPUR

BALAJI ADVERTISER
BALAJI.NEWS
Add : Shop No. F-4, M Galleria, Vyapar Vihar, Bilaspur (C.G.), Mo. 98274-66133
E-mail : balajiadvertisersbsp@gmail.com, jeet2bsp@gmail.com

SAINIK MINING AND ALLIED SERVICES LTD.
OLD V.T. CENTRE, P.O. SECL GEVRA PROJECT, DIST.- KORBA (C.G.)

## खबर संक्षेप

### कबीर जयंती महोत्सव 16 को

**नगरी।** सद्गुरु कबीर साहेब की 626 वीं जयंती साहू सदन नगरी में 16 जून को प्रातः 10 बजे मनाई जायेगी। भजन, सत्संग का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में संत रविकर साहेब संस्थान डोंगेश्वर धाम धमतरी, दिनेन्द्र साहेब कबीर आश्रम करहीभदर, संत घनश्याम साहेब कबीर तीर्थ मंदरौद एवं अन्य संत पधार रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अंबिका मरकाम, विशिष्ट अतिथि दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, हुमित लिमजा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, भूषण साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी, पुनीत राम साहू संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी, कंवलराम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, अनिरुद्ध साहू अध्यक्ष संचालक मंडल नगरी होंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### रक्तदान के लिए महिलाएं भी आगे आ रहीं

तरह आरक्षक डायमंड यादव ने भी रक्तदान किया। रक्तदान सेवा समिति के शिवा प्रधान ने रक्तदाताओं को रक्तदान का महत्व बताते हुए प्रेरित किया। शिविर में लगभग 25 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ है। जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर नम्रता गांधी, सीएमएचओ एसके मंडल, डिप्टी कलेक्टर डॉ. कल्पना ध्रुव सहित महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक रंजना साहू ने हिस्सा लिया। शाश्वत उत्कर्ष थियेटर, जननी सेवा संस्स्था, राष्ट्रीय सेवा संस्स्था, रेडक्रास सोसाइटी का भी सहयोग रहा। रिलायंस एवं फ्लोरेंस नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राओं ने रक्तदान विषय पर नुक्कड़ नाटक, रंगोली व पेंटिंग बनाकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान 63 बार रक्तदान कर चुके गगन कुंभकार का कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**// शपथ-पत्र //**

लतासिंह पिता ए.आर. ठाकरे
निवासी-अर्जुन कालोनी नगरी रोड मैत्री विहार कालोनी के पास धमतरी तह. व जिला धमतरी छ.ग. ---- शपथकर्ती

मै शपथकर्ती नीचे लिखे अनुसार शपथ पत्र पेश करती हूं :-

01- यह कि मेरी आधार कार्ड में मेरी नाम लता सिंह लिखा गया है एवं मेरे सेवा पुस्तिका में नाम-लता सिंह ठाकुर लिखा गया है जो गलत मेरी सही नाम-लता सिंह है।

02- यह कि मेरे सेवा पुस्तिका में नाम-लतासिंह ठाकुर लिखा गया है उसे मैं सुधरवाना चाहती हूं और सुधार कर सही नाम-आधार कार्ड के आधार पर लता सिंह करवाना चाहती हूं।

03- यह कि मैं लता सिंह के नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं तथा मेरे दस्तावेज में मेरी नाम लतासिंह अंकित है।

04- यह कि लतासिंह ठाकुर को सुधारकर लता सिंह दर्ज किये जाने के संबंध में यह शपथ पत्र वन मंडलाधिकारी धमतरी के समक्ष प्रस्तुत है तथा मेरे व्दारा मेरे दी गई जानकारी सही है।

दिनांक :-13.6.2024

**शपथकर्ती**
**लतासिंह पिता ए.आर. ठाकरे**
**निवासी-अर्जुन कालोनी नगरी रोड मैत्री विहार कालोनी के पास धमतरी तह. व जिला धमतरी छ.ग.**

गुप्त रोगी संपर्क करें
पथरी रोग व बवासीर रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
9174466336

अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य शासन को लिखा पत्र

# तहसील कार्यालय को कलेक्टोरेट में शिफ्ट करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के मध्य स्थित वर्षों पुराने तहसील कार्यालय को अब कलेक्टोरेट में शिफ्ट करने की मांग उठ रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता बीके सिन्हा, सौरभ मिश्रा, राकेश दीवान, अमित झा, शंकर देवांगन आदि ने बताया कि जिला दण्डाधिकारी, जिला एवं सत्र न्यायालय, उप पंजीयक कार्यालय, भाड़ा नियंत्रण अधिकारी कार्यालय रूद्री में है। सिर्फ तहसीलदार एवं एसडीएम का न्यायालय गांधी चौक धमतरी में है, जिसकी दूरी लगभग 5 किलोमीटर है। ऐसे में अधिवक्ताओं को जिला न्यायालय से तहसीलदार न्यायालय आने-जाने में काफी असुविधा होती है। अधिवक्ताओं एवं फरियादियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इसके अलावा आम जनता को भी परेशानी होती है। तहसीलदार न्यायालय एवं अनुविभागीय अधिकारी का न्यायालय रूद्री में शिफ्ट कर देने से लोगों को सहूलियतें होंगी।

अधिवक्ताओं का कहना है कि रूद्री में कलेक्टर आफिस, एसपी आफिस, जिला जनपद सहित तमाम तरह के कार्यालय स्थापित हैं। एक अकेला तहसील और एसडीएम आफिस शहर के अंदर हैं जिसे रूद्री में शिफ्ट करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन में 400 अधिवक्ता हैं। विधिक कार्यों के लिए उन्हें रूद्री धमतरी का बार-बार चक्कर लगाना पड़ता है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में तहसील, एसडीएम, कलेक्टोरेट, न्यायालय सहित सभी कार्यालय एक ही परिसर में हैं लेकिन धमतरी में ऐसा नहीं है। कलेक्टोरेट के बाजू में कई कमरें खाली हैं जहां इसे शिफ्ट किया जा सकता है।



### तहसील कार्यालय में पानी की किल्लत, पार्किंग का अभाव

अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसील कार्यालय में विभिन्न सुविधाओं का अभाव है। पानी की किल्लत के चलते समस्त स्टाफ, वकील, फरियादी, पक्षकार को खासी परेशानी होती है। भीषण गर्मी में पानी के लिए बाहर होटलों में शरण लेनी पड़ती है। मजबूरी में पैसे से पानी की बॉटल खरीदनी पड़ती है। कुछ दिनों तक टेंकर से भी पानी लाया गया। यहां पार्किंग का अभाव है। कार्यालय के आसपास या अंदर वाहन यत्र -तत्र खड़े रहते हैं । इससे चोरी, तोड़-फोड़ की आशंका रहती है।

### बैठने के लिए जगह की मांग

जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं को दिए गए बैठने का स्थान अब छोटा पड़ने लगा है। बैठने के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जाना आवश्यक है। निर्माण के लिए जिला न्यायालय में जगह पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी धमतरी के न्यायालय में कोविड महामारी के पूर्व अधिवक्ताओं के बैठने के लिए दो बेंच की व्यवस्था थी जिसे कोविड प्रोटोकाल के दौरान हटाया गया था। सामान्य स्थिति में होने के बाद भी बेंच नहीं रखी गई है जिससे वरिष्ठ अधिवक्ताओं को न्यायालय में पैरवी करते समय अनावश्यक खड़ा रहना पड़ता है।

# केवल आयोग बनाकर खानापूर्ति कर रही सरकार : शत्रुहन सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ओबीसी संयोजन समिति के संस्थापक शत्रुहनसिंह साहू ने कहा कि केन्द्र में तीसरी बार भाजपा की सत्ता आते ही एक बार फिर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा राज्य के आरक्षण प्रावधानों की समीक्षा के लिए कृषि मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में तीन एसटी वर्ग से, एक एससी और दो ओबीसी वर्ग के साथ में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव और आदिम जाति कल्याण विभाग के सचिव सहित कुल 8 सदस्य वाली स्थायी समिति का गठन किया गया है। इससे पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा सभी दलों की सहमति से लाया गया आरक्षण संसाधन विधेयक 2022 आज भी राज्यपाल के कार्यालय में अटका हुआ है जिसे लागू करवाने की बजाय पुनः कमेटी गठित करना आरक्षण विषय को लटकाने के अलावा और कुछ भी नहीं है। इस विषय पर ओबीसी संयोजन समिति ने प्रदेश स्तरीय गूगल मीटिंग कर समिति के स्थाई सदस्यों से मिलकर सामाजिक न्याय के मसौदे और समिति के उद्देश्यों का एक प्रस्ताव सौंपने का निर्णय लिया है ताकि आरक्षण की समस्याओं के साथ ही नई भर्ती, पदोन्नति, फर्जी जाति प्रमाण पत्र के खिलाफ कार्यवाही, ओबीसी छात्र-छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति में समानता और खासकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 27 प्रतिशत के आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए आरक्षण संशोधन विधायक 2022 पर राज्यपाल का हस्ताक्षर करवाकर छत्तीसगढ़ में लागू करवाने की रणनीति पर काम किया जा सके। आगे कहा कि किसी भी दल की सरकार हो वह ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकार देने की बात पर केवल आयोग बनाकर खानापूर्ति करने का काम करते आ रही है। संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष टिकेश्वर साहू ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के साथ विपक्ष भी इस मुद्दे पर केवल लीपापोती करने का प्रयास कर रहा है।

## योग करने के बताए गए फायदे



**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के तत्वावधान में फिजिकल फिटनेस ट्रेनिंग एवं योगा कार्यशाला का आयोजन किया गया है। तारिणी साहू बीपीएड छात्रा ने प्रशिक्षार्थियों को फिटनेस, हेल्थ, शारीरिक शिक्षा, योगा एवं व्यायाम करने के फायदे बताए। कार्यशाला का प्रारम्भ नॉर्मल वार्मअप के बाद 100 मी., 200मी., शॉट पुट, हाई जंप, लॉन्ग जंप, चिनअप के साथ हुआ। सभी को रनिंग एवं जंप की टेक्निक बताई गई। एकेडमी के संस्थापक गुलशन साहू ने बताया कि 21 जून को योगा दिवस का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रशिक्षक देवेन्द्र साहू, सदस्य देवेश सेन, करण, वरुण, रोहन, धीरज, राजेश, छत्रपाल, साहेब, तुलसी, नोमिक, विभा, नजमुन, हेमा, कुसुम, गीतांजलि, डोमेश्वरी उपस्थित थे। यह कार्यशाला तीन दिन तक चलेगी। राष्ट्रगान के साथ कार्यशला का समापन हुआ।

## आदिवासी समाज ने किया जेल भरो आंदोलन



**धमतरी।** आदिवासी समाज ने अपनी मांगों को लेकर मानपुर में जेल भरो आंदोलन किया। महामहिम राज्यपाल के नाम एडिशनल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मौके पर अरविंद नेताम प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़, बीएस रावटे कार्यकारी अध्यक्ष, विनोद कुमार नागवंशी प्रदेश सचिव, अकबर राम कोर्राम गोंड़ महासभा अध्यक्ष, जीवराखन मरई प्रदेश सर्व आदिवासी समाज प्रमुख, जीवराखन लाल उसारे मीडिया प्रभारी सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़, कन्दर्प राज सिदार गोड़वाना गोंड राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष जसवंत गावड़े, उदय नेताम संयुक्त सचिव गोंडवाना गोंड महासभा समेत अनेक प्रदेश प्रभारी उपस्थित थे।

# मधुबन मेला संचालन में लाखों की गड़बड़ी

- पंचों सहित ग्रामीणों ने की एसडीएम से जांच की मांग
- 4 वर्षों तक मधुबन मेला महोत्सव श्री राम महायज्ञ का संचालन पंचायत के माध्यम से किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम पंचायत रांकाडीह अंतर्गत मधुबनधाम में श्रीराम महायज्ञ मेला महोत्सव का आयोजन विगत 45 वर्षों से मेला संचालन समिति द्वारा किया जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि 2019-20 से 2022-23 तक पिछले 4 वर्षों तक मधुबन मेला महोत्सव श्री राम महायज्ञ का संचालन ग्राम पंचायत के माध्यम से किया गया।

ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शत्रुघन साहू, पूर्व सरपंच भोजराज साहू, ज्योति ठाकुर, अश्वनी साहू, पंचगण भुवनेश्वरी, पूनम बाई, तीजराम, अन्नपूर्णा, बसंती, देवेंद्र, अहिल्या बाई, विश्राम साहू, कमल ,दुलेश्वर सहित अनेक ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि सरपंच खेमलता अनिल साहू को मधुबन मेला संचालन प्रभार सौंपा गया था। मधुबन मेला संचालन हेतु व्यापारियों से स्थल बाजार वसूली ग्राम पंचायत की रसीद बुक से की गई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार मधुबन मेला संचालन में आय-व्यय की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई। जनसूचना अधिकारी द्वारा बताया गया कि मधुबन मेला संबंधित कोई भी लिखित जानकारी ग्राम पंचायत में नहीं है।

ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शत्रुघन साहू ने बताया कि मधुबन मेला के संचालन में 2023-24 में सरपंच एवं समिति द्वारा आय व्यय में दो लाख की आमदनी बताई गई। किंतु आय-व्यय पर सरपंच गोलमोल जवाब दे रही है। मधुबन मेला महोत्सव सरपंच द्वारा संचालित किया गया है किंतु आय व्यय की जानकारी ग्राम पंचायत में नहीं है। पंचों सहित ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी से जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

### पूर्व पदाधिकारी को दी थी जानकारी : सरपंच प्रतिनिधि

इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि अनिल साहू का कहना है कि मधुबन मेला महोत्सव एवं श्री राम महायज्ञ का संचालन ग्राम पंचायत ने समिति के साथ मिलकर किया है। आय व्यय की जानकारी ग्राम विकास समिति के पूर्व पदाधिकारी को दी जा चुकी है। सन 2023-24 वर्ष में 2 लाख रुपए की आमदनी बताई गई है।

# नेत्र सहायक अधिकारी डॉ. क्षितिज हुए सम्मानित

- लक्ष्य के विरुद्ध सर्वाधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन के क्षेत्र में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

राष्ट्रीय अंधता एवं दृश्य क्षति नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत सिविल अस्पताल कुरुद में पदस्थ विकासखंड नोडल एवं नेत्र सहायक अधिकारी डॉ क्षितिज कुमार साहू को लंबे समय से नेत्र रोगों से पीड़ित रोगियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया है।

डॉ क्षितिज को यह सम्मान 10 जून को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धमतरी के कार्यालय में राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम 2023-24 के अंतर्गत कुरुद विकासखंड में लक्ष्य के विरुद्ध सर्वाधिक मोतियाबिंद का ऑपरेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ जेएस खालसा, नेत्र सर्जन डॉ राजेश सूर्यवंशी, रेटिना सर्जन डॉ आशीष खालसा व खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ यूएस नवरत्न आदि उपस्थित थे।



### लक्ष्य पूरा करने में मिला सहयोग

इस संदर्भ में क्षितिज ने कहा कि मुझे अपने काम के लिए सम्मानित किए जाने पर खुशी है। मैं लगातार उन मरीजों को समर्पित सेवाएं प्रदान करता रहा हूं, जो आर्थिक रूप से गरीब हैं। मैंने कभी कोई पुरस्कार पाने के बारे में नहीं सोचा था। यह सब क्षेत्र की जनता व भगवान का आशीर्वाद है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य को पूरा करने में ग्रामीण क्षेत्र के सरपंच, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य संयोजक, मितानिन दीदियों, कोटवार का सहयोग उन्हें मिला है।

### 1116 मोतियाबिंद मरीजों का करवाया ऑपरेशन



उल्लेखनीय है कि डॉ क्षितिज ने 2023-24 में लक्ष्य 1134 के विरुद्ध 1116 मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन करवाया है। इसके अलावा 12380 विद्यार्थियों की नेत्र जांच कर 402 छात्र-छात्राओं को दृष्टिदोष निवारक चश्मा, 376 लोगों को प्रेशबायोपिक चश्मा वितरण का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त दो लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित कर उनका सहमति पत्र भी भरवाया गया। इसमें कुरुद ब्लाक से वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी डॉ चितेश साहू, डॉ राजेश सोनी, डॉ लोमेश कुर्रे, डॉ प्रवीण टण्डन, डॉ दुलेश ध्रुव, डॉ दुतेंद्र कंवर , डॉ लिकेश्वर प्रजापति, डॉ कीर्तन साहू का सहयोग उन्हें मिला है।

## अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर होगी कार्रवाई : भोजराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग का मगरलोड आगमन हुआ। अवैध उत्खनन व परिवहन के पत्रकारों के सवालों पर सांसद भोजराज नाग ने कहा कि क्षेत्र की नदियों से अवैध उत्खनन व परिवहन पर ठोस कार्रवाई होगी। राज्य में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अवैध उत्खनन एवं परिवहन को संरक्षण दिया था। अवैध वसूली की थी। यह अब भाजपा शासन में नहीं चलेगा। महानदी से अवैध उत्खनन व परिवहन पूर्णतः बंद होगा। राज्य व केन्द्र में सरकार बनने से अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगी जेसीबी मशीनों पर उचित कार्रवाई होगी। इस पर रोक लगाने के लिए जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिया गया है।



Pride of Dhamtari

श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, रायपुर से
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon — 07 जून 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon — 14 जून 2024 शुक्रवार
डॉ जोगेश — MD,DM Interventional Cardiologist — 15 जून 2024 शनिवार

CBK EV MOTORS PVT LTD
नगरी रोड, दानीटोला वार्ड, धमतरी छ.ग. 96850-87353, 96917-92510
खरीदें CBK EV MOTORS से Electric Scooter
25 से 100% और पाएं सभी स्कूटर पर आकर्षक उपहार
एवं कैश बैक पाने का सुनहरा मौका
भूपेंद्र कुमार दादर

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431, मगरलोड - 97526-17558, सिहावा - 99261-66875, भखारा - 95754-57523, आमदी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

खेत की मेड़ में फलदार एवं औषधिदार पौधे लगाकर ले सकेंगे अतिरिक्त आय

# किसानों को आर्थिक सुदृढ़ करने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



प्रबंध संचालक कृष्ण जाधव के निर्देशन पर कृषि वानिकी योजना अंतर्गत कृषक भूमि पर लघु वनोपज औषधीय प्रजाति रोपण हेतु जिला यूनियन धमतरी की दो दिवसीय प्रशिक्षण सहकार्यशाला दुगली में हुई। उपप्रबंध संचालक एफआर कोसरिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। पीपीटी के माध्यम से पौधरोपण, सर्वे संबंधी प्रपत्र पर प्रेजेंटेशन देकर आंवला, जामुन, चिरौंजी, महुआ, माहुल, बेला रोपण एवं लाख पालन संबंधी फोटो, वीडियो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उपप्रबंध संचालक गरियाबंद अतुल श्रीवास्तव ने प्रपत्र के संबंध में बताया। उपप्रबंध संचालक आरबी निहलानी रायपुर वृत्त, महासमुंद एआर बंजारे, बलौदाबाजार एके व्यास ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। वन-धन मित्रों, प्रबंधकों ने कृषकों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से चर्चा की। कृषकों से मेल मिलाप करने दो दल का गठन कर ग्राम बैंधवापथरा और गोंदलानाला का भ्रमण किया गया। ग्रामीणों को कृषि वानिकी योजना अंतर्गत कृषि भूमि, मेड़ में फलदार एवं औषधिदार पौधे लगाने से होने वाले अतिरिक्त आय की जानकारी दी गई। कृषकों को बताया कि कुसुम वृक्ष के साथ आंवला पौधे रोपित कर सकते है। सर्वे कर रोपित किए जाने वाले ग्राफ्टेड पौधों की दर, फायदे तथा संघ द्वारा दी जा रही अनुदान राशि की जानकारी दी। ज्ञात हो कि संघ द्वारा ग्राफ्टेड आंवला में 25 रुपये और बेर में 5 रुपये का अनुदान दिया जा रहा है, जबकि आंवला की कुल लागत 50 रुपये और बेर की लागत 10 रुपये है। बैठक में उपस्थित कृषकों द्वारा 2497 पौधारोपण हेतु सहमति दी गई। मौके पर जिला यूनियन अध्यक्ष सोमनाथ सोम सहित सदस्य, रायपुर सर्कल प्रभारी वन वृत्त संदीप सिह राजपूत, गुड्डू दुफारे सीनियर एक्जीक्यूटिव धमतरी, दामिनी साहू वन धन मैनेजर संवर्धन, संजय साहू इंटर्न संवर्धन, प्रबंधक, वनधन मित्र एवं कृषक के साथ कुल 63 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 15 जून 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

10 तहसील कार्यालय को कलेक्टोरेट में शिफ्ट करने की उठी मांग



12 काम शुरू नहीं करने वाले ठेकेदारों पर होगी कारवाई



## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह, शाला प्रवेशोत्सव अब मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल में होगा

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर 21 जून को जिला स्तरीय सम्मान समारोह और शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पूर्व में यह आयोजन साहू समाज भवन में किया जाना था, जिसमें संशोधित कर अब यह कार्यक्रम मेनोनाइट इंग्लिश मीडियम स्कूल में किया जाएगा।

### देवपुर में निषाद समाज की तिमाही बैठक 16 को

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की तिमाही बैठक 16 जून को सुबह 10.30 बजे राम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखी गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर सामाजिक चर्चा की जायेगी। यह जानकारी देवपुर पाली उपाध्यक्ष टेकराम निषाद, महासचिव नीलकुमार निषाद एवं मीडिया प्रभारी पवन निषाद राजपुर ने दी है।

### कलेक्टर ने आर्थिक सहायता स्वीकृत की

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने प्राकृतिक आपदा से दो मृतक के परिजनों को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। ग्राम मुजगहन निवासी अंकित खिस्टी की जहरीले सर्प के काटने से इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इसके मद्देनजर उनके पिता अनिल खिस्टी को आरबीसी 6-4 के तहत चार लाख रूपये आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। इसी तरह सुंदरगंज वार्ड धमतरी निवासी चंदन चुगवानी की पानी में डूबने से मृत्यु होने के फलस्वरूप उनके पिता राजकुमार चुगवानी को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### पूर्व सैनिकों की बैठक 16 को

**जीजामगांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला इकाई रायपुर की मासिक बैठक 16 जून को प्रातः 10 बजे सभा कक्ष फर्स्ट फ्लोर, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर, मोतीबाग रोड रायपुर में आयोजित की गई है। बैठक में कारगिल विजय दिवस मनाने हेतु रूपरेखा तैयार की जाएगी साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा होगी। मातृशक्ति प्रकोष्ठ द्वारा महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई जाएगी। जिला अध्यक्ष हवलदार खेमचंद निषाद एवं सचिव नायक योगेश साहू ने पूर्व सैनिक एवं सैन्य मातृशक्तियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। यह जानकारी योगेश साहू प्रांतीय सचिव अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ ने दी है।

### राशन कार्डों का नवीनीकरण 25 तक

**धमतरी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में 451 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित है, जिसमें कुल 2 लाख 42 हजार 319 राशनकार्ड प्रचलित हैं। इनमें 2 लाख 16 हजार 229 बीपीएल और 26 हजार 90 एपीएल राशन कार्ड शामिल हैं। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रचलित राशन कार्डों का नवीनीकरण 25 जनवरी से 25 फरवरी तक किया जाना था। अब तक कुल 2 लाख 33 हजार 748 राशन कार्डों का नवीनीकरण हो चुका है एवं 8571 राशन कार्डों का नवीनीकरण किया जाना है। शेष राशन कार्डों के नवीनीकरण के लिए 25 जून तक समयावृद्धि की गई है। उन्होंने अपील की है कि राशनकार्ड नवीनीकरण एप्लीकेशन या संबंधित दुकानों के एप्लीकेशन के माध्यम से राशनकार्डों का नवीनीकरण अनिवार्य रूप से करा लें। राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए एप्लीकेशन खाद्य डाट सीजी डाट एनआईसी डाट इन लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है।

भवन एवं सन्निर्माण के पंजीकृत श्रमिकों के मेधावी बच्चों के लिए सरकारी खजाना खुला

# विदेश में पढ़ाई के लिए श्रम विभाग देगा 50 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने निर्माणी श्रमिकों के होनहार बच्चों के लिए खजाना खोल दिया है। मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजनांतर्गत विदेश में पढ़ाई के लिए 50 लाख रूपये का सहयोग दे रहा है। इसके अलावा दसवीं, बारहवीं के टॉपटेन में नाम दर्ज कराने वाले मेधावी छात्रों को एक लाख कैश के अलावा एक लाख रूपये मोटरसाइकिल खरीदने के लिए दे रहा है।

श्रम विभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत के बाहर किसी भी देश में एक वर्षीय मास्टर कोर्स किये जाने की सहायता दी जायेगी। आईईएलटीएस, टीआईएफएल की परीक्षा उस देश में अध्ययन के लिए उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। उस देश में अध्ययन के लिए परीक्षा शुल्क विभाग वहन करेगा। प्रत्येक शिक्षा सत्र का वास्तविक प्रवेश शुल्क अथवा अधिकतम राशि 50 लाख रूपये के बराबर उस देश के लिए निर्धारित करेंसी की दर पर सहायता राशि दी जायेगी। निर्वहन भत्ता के अतिरिक्त वीजा शुल्क, बीमा प्रीमियम तथा निवास स्थान से विमानतल तक जाने तथा वापसी का तृतीय श्रेणी रेल या बस किराया तथा विदेश के शैक्षणिक संस्थान के निकटतम स्थान तक वायु मार्ग से जाने एवं वापसी की इकोनॉमी क्लास का वायुयान टिकट किराया दिया जाएगा। योजना का लाभ केवल एक बार दिया जाएगा। इसमें प्रतिशत तथा ग्रेड की मान्यता नहीं होगी। इस लाभ के लिए निर्माणी श्रमिक का पंजीयन 3 वर्ष पूर्व का होना चाहिए।

श्रम पदाधिकारी एनके साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कलयाण मंडल ने निर्माणी श्रमिकों के होनहार बच्चों की शिक्षा के लिए कई योजनाएं लागू की है। विदेश में डिग्री कोर्स के लिए शासन 50 लाख रूपया का अनुदान देगा। इसके अलावा कई योजनाएं निर्माणी श्रमिकों के लिए लागू हैं।



### अशासकीय संस्थानों में प्रवेश, भोजन का खर्च उठाएगा मंडल

आईटीआई, आईआईटी, इंजीनियरिंग, बीटेक, एम.टेक, बी.आर्क, एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, कृषि के समस्त कोर्स, बीएड, डीएड, एमएड, सीपीईडी, बीसीए, एमसीए, बीबीए, एमबीए, एलएलबी, एलएलएम, मेडिकल, लॉ, डेन्टल एवं नर्सिंग कालेज, जीएनएम नर्सिंग, बीएससी, नर्सिंग बी. फार्मेसी, डी. फार्मेसी, पालीटेक्निक एवं डिप्लोमा कोर्स यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से अध्ययन के लिए प्रत्येक शिक्षा सत्र का प्रवेश शुल्क, समस्त शैक्षणिक शुल्क, छात्रावास में रहने एवं भोजन पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति शासकीय संस्था में लागू शुल्क के बराबर प्रदान की जाएगी। वहीं स्टेशनरी खर्च के लिए 2000 रूपये मंडल पृथक से देगा।

### टॉपटेन में आने वाले छात्रों को कैश के साथ बाइक भी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं तथा 12वीं की प्रदेश स्तरीय परीक्षा में टॉपटेन में आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1 लाख रूपये तथा दोपहिया वाहन क्रय के लिए एक लाख रूपये अनुदान राशि विभाग देगा। इसके अलावा 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। कक्षा 10वीं, 12वीं के छात्र को प्रोत्साहन राशि 5 हजार तथा छात्रा को प्रोत्साहन राशि 5500 रूपये दी जाएगी। स्नातक शैक्षणिक कक्षा के लिए प्रोत्साहन राशि 7000 तथा 7500 रूपये, स्नातकोत्तर शैक्षणिक कक्षा के लिए प्रोत्साहन राशि 10 हजार तथा 10500 रूपये, व्यवसायिक शिक्षा एवं प्रोफेशनल शिक्षा के लिए 12000 तथा 12500 रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

वार्डवासियों की सुनी शिकायतें व सुझाव भी लिए गए

# हटकेशर वार्ड में पुलिस ने लगाया चलित थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लगातार मिल रही लगातार शिकायतों को लेकर सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा चलित थाना लगाकर वार्डवासियों की समस्याओं व शिकायत को दूर करने का आश्वासन दिया गया।

हटकेशर वार्ड में बटंचीबाजों के आतंक के संबंध में मिल रही शिकायतों एवं समस्या के निराकरण के लिए पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर डीएसपी नेहा पवार एवं सिटी कोतवाली प्रभारी द्वारा सियान के धियान एवं तुंहर पुलिस तुंहर द्वार के तहत चलित थाना लगाया गया।



इस दौरान वार्डवासियों द्वारा शिकायत व सुझाव दिया गया। डॉ. लखन पटेल, लक्ष्मीनारायण साहू, लक्ष्मण पहलवान, नेतम देवांगन, संदीप देशमुख एवं वार्ड की महिलाओं ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मंच पर बैठकर रात्रि में शराब पीकर हल्ला गुल्ला किया जताा है। इसी तरह दीनदयाल नाग हटकेशर कालोनी के गार्डन, शीतला तालाब, मुक्तिधाम व नाग सागर तालाब किनारे असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। अवैध शराब की बिक्री, मोटरपंप केबल वायर की चोरी के संबंध में शिकायत की गई।

डीएसपी नेहा पवार ने प्राप्त शिकायतों पर चर्चा कर निराकरण किए जाने का आश्वासन दिया। वार्डवासियों का वाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी वार्डवासियों को जोड़ने के लिए कोतवाली प्रभारी से कहा। वर्तमान में नए-नए तरीकों से हो रहे साइबर फ्राड एवं फर्जी कॉल्स के बारे में जानकारी देते हुए वार्डवासियों को जागरूक किया गया। फर्जी कॉल्स से बचने एवं मोबाइल में आए ओटीपी को नहीं देने के लिए बताया।

हटकेशर में आयोजित चलित थाना में कोतवाली प्रभारी शरद ताम्रकार, एसआई विनोद शर्मा, प्रआ डिगेश शर्मा, आरक्षक भूपेश सिन्हा, डायमंड यादव, विकास द्विवेदी समेत वार्डवासी ईश्वर पटेल, चैन साहू, लोकेश नेताम, भूपेश सिन्हा, मुकेश साहू, जीत्तू ध्रुव, राजेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### दो दिन बाद गर्मी से राहत के संकेत

**धमतरी।** भारी गर्मी से हलाकान अंचलवासियों के लिए राहत की खबर है। 17 जून से अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। पूर्वानुमान में प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा तथा गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने एवं बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जून तक प्रदेश के उत्तर में ग्रीष्म लहर चलेगी। 17 जून से बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी। तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। सिनोप्टिक सिस्टम में एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका मध्य उत्तरप्रदेश से लेकर उत्तर बिहार, पश्चिम बंगाल होते हुए पूर्वी मेघालय तक समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर मौजूद है। एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और आसपास के क्षेत्र में 3.1 किमी से 5.8 किमी ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक-दो स्थानों पर ग्रीष्मलहर तथा एक-दो स्थानों में अंधड़, गरज-चमक के साथ बिजली गिर सकती है।

- 17 जून से तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट आने की संभावना

# रक्तदान के लिए महिलाएं भी आगे आ रहीं

- 63 बार रक्तदान कर चुके गगन कुंभकार का हुआ सम्मान
- जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व रक्तदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान करने महिलाएं भी आगे आईं और जरूरतमंदों के लिए अपना ब्लड डोनेट कर जागरूकता का संदेश दिया। वहीं 63 बार रक्तदान कर चुके गगन को सम्मानित किया गया।

जिला अस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान रिलायंस नर्सिंग कालेज के छात्रों ने रक्तदान कर शिविर की शुरूआत की। शिविर में रक्तदान करने पुराने व नये रक्तदाता बड़ी संख्या में पहुंचे थे जिसमें गगन कुंभकार 63 बार रक्तदान कर चुका है। वहीं रक्तदाता शाहिल साहू, भूपेन्द्र, बिहारी लाल, मनीष, चन्द्रप्रकाश, कोमल प्रसाद, योगराज, रवि साहू, हेमेन्द्र ने जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में महिला रक्तदाता भी शामिल रही जिसमें जननी सेवा संस्था अर्जुनी की सारिका नाहटा ने पहली बार रक्तदान किया। इसी तरह रक्तदान करने में पुलिस विभाग भी पीछे नहीं रहा। महिला आरक्षक अमृता सिंग सेंगर व यामिनी ध्रुव ने ब्लड डोनेट किया। इसी ⏩ शेष पेज 10 पर







### ओपन स्कूल के परीक्षा फार्म 30 जून तक जमा होंगे

- परीक्षा वर्ष में तीन बार अगस्त, नवंबर और अप्रैल माह में होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के कक्षा दसवीं और बारहवीं परीक्षा का आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित है। विलंब शुल्क के साथ आवेदक 1 से 15 जुलाई तक अपना आवेदन कर सकते हैं। डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपन स्कूल प्रभारी टी्रआर ध्रुव ने बताया कि इच्छुक आवेदक विद्यालय में कार्यालयीन दिवसों में आवेदन पत्र फार्म प्राप्त कर नवीन आवेदन, आरटीडी , अवसर परीक्षा, क्रेडिट योजना एवं श्रेणी सुधार परीक्षा के जमा कर सकते हैं। ओपन स्कूल बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार अब ओपन स्कूल की परीक्षा वर्ष में तीन बार अगस्त, नवंबर और अप्रैल माह में आयोजित की जायेगी। प्रतिवर्ष अगस्त माह में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए फार्म भरने की अंतिम तिथि 30 जून तक सामान्य शुल्क एवं 1 जुलाई से 15 जुलाई तक विलंब शुल्क के साथ निर्धारित की गई है। नवंबर में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए 5 अक्टूबर तक सामान्य शुल्क एवं 6 से 10 अक्टूबर तक विलंब शुल्क के साथ फार्म भर सकते हैं। उसी प्रकार प्रति वर्ष अप्रैल माह में होने वाली परीक्षा के लिए फार्म भरने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक सामान्य शुल्क एवं 1 जनवरी से 15 जनवरी तक विलंब शुल्क के साथ निर्धारित की गई है।

# यातायात व्यवस्थित करने पुलिस ने व्यापारियों से लिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- रात्रि 11 बजे तक दुकान बंद करने का निर्देश

यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने पुलिस ने व्यापारी संघ की बैठक लेकर सुझाव लिए। रात्रि 11 बजे तक दुकानें बंद करने व वाहनों को व्यवस्थित खड़ा करने का निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर डीएसपी नेहा पवार व यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा द्वारा गुरुवार को पुलिस जनसंवाद कक्ष में व्यापारी संघ की बैठक ली गई। बैठक के दौरान यातायात डीएसपी ने एजेंडा बिंदु पर चर्चा करते हुए बताया कि अपनी दुकान के सामानों व विज्ञापन बोर्ड को मार्ग या मार्ग किनारे न रखें। दुकान में आने वाले ग्राहकों के वाहनों को सफेद पट्टी के अंदर निर्धारित पार्किंग में ही रखवाएं। दुकान के सामानों की लोडिंग अनलोडिंग रात्रि 10 बजे से सुबह 9 बजे तक करने के लिए कहा गया। रात्रि 11 बजे दुकानों को बंद करें, देर रात्रि तक अनावश्यक रूप दुकान नहीं खोलने कहा गया। रेत, गिट्टी व अन्य खनिज सामानों को लेकर चलने वाले बड़े एवं भारी वाहनों का संचालन रात्रि 10 बजे से सुबह 8 बजे तक करने के लिए कहा गया। बंद दुकान के समाने ठेला या अन्य दुकान नहीं लगाने दें, बड़ी दुकानों के संचालक अपने ग्राहकों के वाहनों को पार्किंग पर रखवाने प्राइवेट गार्ड या कर्मचारी की व्यवस्था करें। दुकान के बाहर हाई फ्रीक्वेंसी नाइट विजन सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाएं। दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों का पुलिस से सत्यापन कर चरित्र प्रमाण पत्र अवश्य लेवें। इस दौरान व्यापारी संघ द्वारा यातायात व्यवस्था मार्ग में ठेला पसरा लगाकर व्यवसाय करने वालों पर कार्रवाई करने, सदर मार्ग में पूर्व में बनी पार्किंग, गुरुद्वारा गली, गोलबाजार सराय स्कूल, घड़ी चौक के पीछे बाइक पार्किंग को व्यवस्थित करने सुझाव दिया गया। इसी तरह सिहावा चौक से लेकर फारेस्ट रेस्ट हाउस तक रोड किनारे लगने वाले दुकानों पर कार्रवाई, शांति कालोनी चौक तक सड़क किनारे अनावश्यक खड़े वाहनों पर कार्रवाई, निर्माणाधीन नालियों के मलबे को मार्ग से हटाने, रात्रि 12 बजे के बाद गुपचुप, चाट, आइस्क्रीम, मोमोस, चाय, पान ठेला पर कार्रवाई, रेत परिवहन के लिए प्रयुक्त वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग के साथ सदर मार्ग में रोड मार्किंग करने का सुझाव दिया गया। प्राप्त सुझावों पर पुलिस अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

बैठक में व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेश जसूजा, सदस्य अर्जुन जसवानी, नितिन आहूजा, दीपक मंगलानी, रवि मुंजवानी, मनोज माखीजा, राजेंद्र राखेचा सहित यातायात के स्टाफ उपस्थित थे।



परिवहन विभाग व यातायात पुलिस ने की स्कूली वाहनों की चेकिंग, चालक-परिचालकों की सेहत जांची गई

# जांच में अनफिट मिली 14 स्कूली बसों पर 31 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुरक्षा की दृष्टि से जिला परिवहन विभाग व यातायात पुलिस द्वारा की गई चेकिंग में 14 स्कूली बसें अनफिट पाई गईं। अनफिट स्कूली बसों पर 31 हजार का जुर्माना लगाया गया।

शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर नम्रता गांधी व पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार यातायात डीएसपी एवं जिला परिवहन अधिकारी द्वारा शुक्रवार को जिले में संचालित स्कूली बसों की नवीन परिवहन कार्यालय परिसर में चेकिंग की गई। जांच में मॉडल स्कूल, मेनोनाईट स्कूल, सर्वोदय, दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं विद्याकुंज स्कूल की 50 से अधिक बसें शामिल हुईं। इन बसों की शैक्षणिक संस्थानों में लीज व अनुबंध के तहत फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण एवं अन्य बिन्दुओं पर जांच की गई। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चालक व परिचालक के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार आपातकालीन दरवाजा, फर्स्ट एड बाक्स, अग्निशमन यंत्र, जीपीएस ट्रेकर, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गवर्नर का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में 14 स्कूली वाहनों में कमियां पाई गईं। इन बसों पर विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्रवाई कर समझौता शुल्क 31 हजार रूपये वसूल किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जिन चालक व परिचालकों में स्वास्थ्यगत समस्या पाई गई, उन्हें जिला अस्पताल में उपस्थित होने निर्देशित किया गया। निरीक्षण पश्चात यातायात डीएसपी ने स्कूल वाहन चालक एवं परिचालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुये बच्चों को स्कूल लाते व ले जाते समय आवश्यक सावधानी बरतने निर्देशित किया।






### निरीक्षण में इनकी रही सहभागिता

स्कूली बसों के निरीक्षण में जिला परिवहन अधिकारी अब्दुल मुजाहिद, परिवहन एसआई देवाशीष प्रधान, हीरा राजपूत तथा यातायात विभाग से डीएसपी मणिशंकर चंद्रा, प्रआ कमल किशोर साहू, आरक्षक धर्मेन्द्र जांगड़े, सैनिक मनीष मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग के सीएचसी गुजरा से डॉ. दुर्गा प्रसाद कौशिक एमओ, इन्द्राणी साहू एएनएम, प्रीति एएनएम, संतोष साहू, हीरा साहू एमएलटी सहित यातायात व परिवहन विभाग के स्टाफ की सहभागिता रही ।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए आवेदन 20 तक

**धमतरी।** लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत विभिन्न कोर्सों में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रारंभ है। इसके तहत सिक्युरिटी सुपरवाईजर, फील्ड टेक्निशियन एण्ड कम्प्यूटिंग पेरीफेरल और प्लंबर जनरल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज की फोटो के साथ 20 जून तक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### जूट प्रोडक्ट उद्यमी प्रशिक्षण के लिए आवेदन 24 तक

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी द्वारा सॉफ्ट टॉय निर्माण एवं विक्रेता प्रशिक्षण तथा जूट प्रोटक्ट उद्यमी प्रशिक्षण के लिए 24 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा युक्त इस 13 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्श तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष स्वरोजगार के इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज बीपीएल राशन कार्ड, प्रमाण पत्र, 4 पासपोर्ट साईज की फोटो, आधार कार्ड एवं मनरेगा जॉब कार्ड की फोटो कॉपी के साथ कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में आवेदन जमा किया जा सकता है।

### जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**धमतरी।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 उपधारा 2 (दो) के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बन्द ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। इसके मद्देनजर धमतरी जिले के नदी, नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय (बड़े या छोटे) निर्मित किये गये हैं, में सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। सहायक संचालक, मछली पालन ने बताया कि इन नियमों के उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम-3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा दस हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जलस्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी, नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

### चयन परीक्षा 21 जून को

**धमतरी।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली स्थित कक्षा छठवीं में रिक्त 15 सीटों पर प्रवेश के लिए 21 जून को सुबह 11 से दोपहर 12.30 बजे तक स्वामी आत्मानंद शासकीय श्रृंगी ऋषि अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए 19 जून तक कार्यालय अधीक्षिका, आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर दुगली में आवेदन जमा किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि छात्राएं सादे कागज में आवेदन पत्र, बायोडाटा, आवेदिका का नाम, पिता का नाम, जाति, जन्मतिथि, निवास स्थान और पांचवीं में उत्तीर्ण संस्था का नाम तथा प्राप्त ग्रेड एवं अन्य जानकारी के साथ नियत तिथि तक जमा कर सकती हैं। गौरतलब है कि शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली पूरी तरह आवासीय है और वर्तमान में कक्षा पहली सें बारहवीं तक संचालित है। परिसर में अध्ययनरत छात्राओं को शिष्यावृत्ति 750 रूपये और पोषण आहार के लिए 60 रूपये प्रति छात्रा की दर से प्रतिमाह प्रदान की जाती है। कक्षा पांचवीं में न्यूनतम बी-ग्रेड प्राप्त करने वाली छात्राएं यहां प्रवेश के लिए पात्र होंगी।

---

महापौर, आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर शहर विकास पर की चर्चा

# काम शुरू नहीं करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के विभिन्न कार्यों में गति लाने महापौर विजय देवांगन, आयुक्त विनय पोयाम ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने पुराने कार्यों में तेजी लाने, बंद पड़े कामों को तत्काल चालू करवाने के निर्देश दिए। आगे कहा कि जो वर्कआर्डर 2,4,6,8 माह से दिया गया है और काम चालू नहीं किया गया है, ऐसे ठेकेदारों को काम शुरू करवाने नोटिस दिया जाये। किसी कारणवश अगर कार्य नहीं करते हैं तो तत्काल ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए। ठेकेदारों के पेंडिंग बिल को आगे बढ़ाने के लिए इंजीनियरों को निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि पेयजल से संबंधित दो पानी टंकी में से एक ही टंकी चालू हुई है जो पाइप लाइन से जुड़ नहीं पाई है। इस कारण पानी टंकी का लाभ शहर को नहीं मिल पा रहा है। इस पर महापौर ने कहा कि शहरवासियों को लाभ दिलाने के लिए इस दिशा में कार्य करें। जिन वार्डों में पाइपलाइन नहीं बिछी है, वहां यह काम टारगेट लेकर करें। शहर के प्रमुख काम ऑडिटोरियम, सीवरेज प्लांट की समीक्षा की। ठेकेदारों को तत्काल जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करके हैंडओवर करने के निर्देश दिए।

महापौर ने शहर में जलस्तर को बढ़ाने के विषय पर कहा कि रेनवाटर हार्वेस्टिंग के लिए शहर के लोगों को नगर निगम द्वारा नोटिस देकर सूचित किया गया है कि अपने-अपने संस्थान या सामाजिक भवन में इस सिस्टम को चालू करें। नगर निगम में जो पैसा जमा है, उसे तत्काल वापस दिया जाएगा। जिनका भी कार्य पूर्ण होता है, फोटोग्राफ्स और आवेदन लगाएं। उनको अविलंब पैसा नगर निगम वापस देगा। उन्होंने शहरवासियों से आग्रह किया कि जल ही जीवन है इस बात को ध्यान रखते हुए तत्काल अपने-अपने संस्थानों, घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं।

### कर्मचारियों के वेतन पर विचार विमर्श

नगर निगम में अधिकारी कर्मचारियों के वेतन की भी समीक्षा की गई। महापौर ने प्रति माह समय में वेतन भुगतान करने के निर्देश दिए। लेखाधिकारी ने बताया कि इस माह का वेतन देना बाकी है। बैठक में मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रभारी कार्यपालन अभियंता प्रकृति जगताप, सहायक अभियंता महेंद्र सिंह जगत, लेखा अधिकारी रमेश शर्मा, नोरज देवांगन, उप अभियंता कामता नागेंद्र, कमलेश ठाकुर, नमिता नागवंशी उपस्थित थे।

---

# आरंग में मॉब लिंचिंग में शामिल अपराधियों पर कार्रवाई की मांग



- अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंजुमन इस्लामिया कमेटी धमतरी ने राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि आरंग में मॉब लिचिंग में शामिल अपराधियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

कमेटी के हाजी मोहम्मद तसनीम खान, हाजी शरीफ रोकड़िया, हाजी तनवीर उस्मान, हाजी अहमद रजा, सैयद अफजल, जाहिद खान, सैयद अशदुल हुसैन, हाजी इरफान विरानी, शेख शमसूल, साहिल शेख, शोएब खान, वजीर रजा शादाब आदि ने ज्ञापन में बताया कि आरंग महानदी पुल के पास 6 एवं 7 जून की मध्य रात्रि ट्रक में भैंसा परिवहन कर रहे 3 मुस्लिम युवकों को भीड़ ने मारा।

भीड़ ने चांद मियां की घटनास्थल पर हत्या कर दी। उनके साथी गुड्डू खान की मृत्यु इलाज के दौरान जिला अस्पताल में हो गई। तीसरे साथी गंभीर रूप से घायल सद्दाम कुरैशी का इलाज रायपुर के अस्पताल में चल रहा है। कमेटी ने मांग करते हुए कहा कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच करके अपराधियों को कठोर दंड दिया जाए।

---

# रक्त दानदाताओं का हुआ सम्मान

### विश्व रक्तदान दिवस पर सिविल अस्पताल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में सिविल अस्पताल नगरी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, विशेष अतिथि हुमित कुमार लिमजा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय दंडाधिकारी पवन कुमार प्रेमी ने की। डॉ डीएन सोम चिकित्सा अधिकारी और ब्लड स्टोरेज केंद्र प्रभारी एवं हितेन्द्र कुमार साहू बीपीएम नगरी ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में सतत रूप से ब्लड डोनेशन करने वाले ब्लड डोनर कैलाश सोन लोकेश साहू, चन्दन भरेवा का अतिथियों ने शाल, श्रीफल देकर सम्मान किया।

इस मौके पर रक्तदाताओं ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब-जब उन्होंने रक्तदान किया तब-तब उन्हें एक मानसिक सन्तुष्टि मिली कि उन्होंने किसी का जीवन बचाया और किसी के काम आ सके। रक्तदान के बाद उन्हें एक नई ऊर्जा की अनुभूति होती है। डॉ डीएन सोम ने बताया कि जो व्यक्ति 18 वर्ष या उससे अधिक है, वजन 45 से 50 किलो ग्राम है, जिसके शरीर मे हीमोग्लोबिन की मात्रा पर्याप्त है, रक्तदान करने के 24 घण्टे पूर्व शराब , तम्बाकू, धूम्रपान का सेवन नहीं किया है वह रक्तदान कर सकता है। हुमित लिमजा ने बताया कि मानव रक्त केवल मानव शरीर में ही बन सकता है इसलिए रक्तदान आवश्यक है। एसडीएम पवन कुमार प्रेमी ने कहा कि रक्तदान कर हम कई रक्तल्पता के मरीजों का जीवन बचा सकते हैं। श्रीमती दिनेश्वरी नेताम ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण हेतु कम से कम एक पेड़ लगाने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ रविन्द्र वर्मा, डॉ तुलाराम साहू, सिविल अस्पताल नगरी के स्टाफ, मितानिन और मरीज व उनके परिजन मौजूद थे।

---



### नाली नहीं होने से गलियों में पानी का जमाव, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत गोरेगांव के आश्रित ग्राम टेंगना की गलियों में अभी से पानी जमा होने लगा है। आने जाने लोग घुटने भर पानी को पारकर चल रहे हैं। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गली किनारे नाली का निर्माण किया जाए।

### भैंसासांकरा में लइका घर का शुभारंभ

**सांकरा।** ग्रापं सांकरा के आश्रित ग्राम भैंसासांकरा के माता तालाब समीप महिला भवन में लइका घर का शुभारंभ किया गया। शशि ध्रुव सरपंच सांकरा ने कहा कि लइका घर में सात माह से तीन साल के बच्चों के लिए शासन द्वारा खानपान, पोषण आहार, देखरेख सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। मौके पर पारस साहू उपसरपंच, वार्ड पंच व ग्रामवासी उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चेदानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

---

# बाजार की आड़ में हो रही पशुओं की तस्करी, तत्काल रोक लगाएं




- घुरावड़ मवेशी बाजार को बंद कराने हिंदू संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

आदिवासी विकासखंड नगरी के अंतिम छोर के गांव घुरावड़ में मवेशी बाजार लगाया जाता है। इस गांव की सीमा कांकेर और बस्तर जिले के साथ ही उड़ीसा से जुड़ी हुई है । बाजार में उड़ीसा के व्यापारियों द्वारा पशुओं की तस्करी व्यापक पैमाने पर की जाती है। अनुपयोगी और बूढ़े हो चुके गाय, बैल, बछड़े, भैंस, भैंसे आदि की तस्करी कर उड़ीसा के बूचड़ खाने भेजे जाते हैं। चोरी-छिपे दूरस्थ इलाकों से लाकर इसकी हत्या कर दी जाती है। पशु हत्या हालांकि प्रतिबंधित हैं, फिर भी कुछ लोग इसमें लगे हुए हैं। प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने पर हिंदू संगठन ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

हिंदू संगठन से जुड़े शिवशंकर सोनबोइर, संत कोठारी, तुलसी प्रशांत साहू, एसकुमार साहू, नीलू छेदैहा ने बताया कि पशु तस्कर पशु व्यवसायी बनकर मवेशी की खरीद- फरोख्त करते हैं और इसकी आड़ में पशु तस्करी को अंजाम देते हैं। उन्होंने घुरावड़ में लगने वाले मवेशी बाजार को बंद कराने की मांग की है।

### प्राथमिक शाला उजरावन में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

**सांकरा।** ग्रापं करही के आश्रित ग्राम उजरावन में प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका मरकाम विधायक ने किया। अध्यक्षता श्रीमती रमशीला सोरी सरपंच करही ने की। विशेष अतिथि भानेन्दर ठाकुर, कृष्ण कुमार कश्यप, सचिन भंसाली, योगेश अग्रवाणी, कृष्ण कश्यप, बीरबल पदमाकर, श्रीमती संध्या कुंजाम, दुलचंद कुंजाम, कैलाश बिसेन थे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं फफाडीह नाका, धमतरी रोड, कल्याणी मॉल के पास, रायपुर
फोन : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

